# नेत्र परीक्षण व दंत चिकित्सा शिविर 18 को

गंगरार/निम्बाहेड़ा. श्री सेवा संस्थान अध्यक्ष एवं नगरीय विकास मंत्री श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में चलाए जा रहे मोतियाबिंद मुक्त निम्बाहेड़ा पायलेट प्रोजेक्ट के तहत समाजसेवी भंवरलाल एवं नंदलाल गदिया की स्मृति में मेवाड़ विश्वविद्यालय के सहयोग से 18 मार्च को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। साथ ही विश्नोई डेंटल केयर निम्बाहेड़ा की टीम दांतों से संबंधित विभिन्न बीमारियों का निःशुल्क उपचार कर परामर्श देंगे। पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने बताया कि शिविर में गोमाबाई नेत्रालय नीमच की चिकित्सकीय टीम नेत्र रोगियों की नजर, चश्में, कालापानी, मोतियाबिंद, नासूर, आंख के पर्दे की बीमारी आदि की निःशुल्क जांच करेगी। शिविर संयोजक गोविंदलाल गदिया ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन व उच्च उपचार के लिए चयनित रोगियों के गोमाबाई नेत्रालय नीमच में निःशुल्क ऑपरेशन व उपचार होगा। रोगियों को लाने, ले जाने की भी व्यवस्था निःशुल्क रहेगी।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर 18 मार्च को

भास्कर संवाददाता | गंगरार

क्षेत्र के एकमात्र उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान मेवाड़ विश्वविद्यालय में वार्षिकोत्सव के रूप में सात दिवसीय आयोजन 'यूनिफेस्ट' का आगाज सोमवार को होगा।

**शिविरों के माध्यम से प्रतिवर्ष कई जरूरतमंद लाभांवित हो रहे हैं**

कार्यक्रमों की श्रृंखला के दौरान मेवाड़ एजूकेशन सोसायटी के संरक्षक स्व. भंवरलाल गदिया एवं नंदलाल गदिया की पुण्यस्मृति में 31वां नेत्र चिकित्सा एवं जांच शिविर के साथ निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर 18 मार्च को मेवाड़ विश्वविद्यालय परिसर में श्री सेवा संस्थान निंबाहेड़ा एवं विश्नोई डेंटल केयर एवं जिला अंधता निवारण समिति चित्तौड़गढ़ एवं नीमच की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति से गोमाबाई नेत्रालय नीमच द्वारा आयोजित किया जाएगा। मेवाड़ विश्वविद्यालय प्रशासन अपने संरक्षकों को श्रद्धांजलि स्वरूप हर वर्ष आयोजित किये जाने वाले इस प्रकार के शारिरिक जांच एवं चिकित्सा शिविरों के माध्यम से प्रतिवर्ष कई जरूरतमंद लाभांवित हो रहे हैं। यूनिफेस्ट की श्रृंखला के दौरान ही विद्यार्थियों द्वारा कई प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजन के दौरान मेवाड़ एजूकेशन सोसायटी के चेयरमैन गोविंदलाल गदिया, सचिव राधाकृष्ण गाड़िया, मेवाड़ विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ अशोककुमार गदिया सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## नेत्र व दंत चिकित्सा शिविर कल

**गंगरार |** मेवाड़ यूनिवर्सिटी में रविवार को नेत्र चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। श्री सेवा संस्थान निम्बाहेड़ा द्वारा समाजसेवी स्व. भंवरलाल गदिया व नंदलाल गदिया की पुण्य स्मृति में सुबह 10:00 से दोपहर 2:00 बजे तक मरीजों की जांच की जाएगी। ऑपरेशन योग्य मरीजों के गोमाबाई नेत्रालय नीमच में निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर के दौरान यूनिवर्सिटी परिवार के गोविंदलाल गदिया, डॉ. अशोककुमार गदिया, राधाकृष्ण गदिया मौजूद रहेंगे।

# निःशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर कल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**गंगरार.** मेवाड़ यूनिवर्सिटी में 18 मार्च नेत्र चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्रीसेवा संस्थान निम्बाहेड़ा की ओर से स्व. भंवरलाल गदिया एवं नंदलाल गदिया की स्मृति में जिला अंधता निवारण समिति चित्तौड़गढ़ एवं गोमाबाई नेत्रालय नीमच की ओर से निःशुल्क नेत्र परीक्षण ऑपरेशन शिविर एवं विश्नोई डेंटल केयर निम्बाहेड़ा की ओर से दंत चिकित्सा शिविर लगेगा। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक शिविर में मरीजों की जांच की जाएगी। गोमाबाई नेत्रालय में निर्धारित दिनांक को चयनित मरीजों के मोतियाबिंद आपरेशन, लैंस प्रत्यारोपण किए जाएंगे। शिविर में कालापानी, मोतियाबिंद, नासूर, आंख के पर्दे की बीमारी आदि की जांच निःशुल्क की जाएगी। इस मौके पर यूनिवर्सिटी परिवार के गोविंद लाल गदिया, डॉक्टर अशोक कुमार गदिया व राधा कृष्ण गदिया मौजूद रहेंगे।

यूनिवर्सिटी परिवार यूनिफेस्ट की ओर से होने वाले शिविर की तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं 19 मार्च को वार्षिकोत्सव होगा। इसमें यूनिफेस्ट के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ वार्षिकोत्सव का समापन



गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय में एक सप्ताह से चल रहे वार्षिकोत्सव का समापन सोमवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ हुआ। इस मौके पर मेवाड़ विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. पी रमैया, चेयरपर्सन डॉ अशोक कुमार गदिया ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों द्वारा कई प्रकार की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। विद्यार्थियों को पुरुस्कार वितरित किये गए। अंत में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार वेंकट ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की। वार्षिकोत्सव में मेवाड़ एड्युकेशन सोसायटी के चेयरमेन गोविंद गदिया, सचिव आरके गदिया, डीन आरके पालीवाल, डीके शर्मा आदि उपस्थित थे।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में वार्षिकोत्सव का समापन

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

**गंगरार.** मेवाड़ विश्वविद्यालय में पिछले सप्ताह से चल रहे विशेष कार्यक्रम यूनिफेस्ट का समापन सोमवार को वार्षिकोत्सव के रूप में हुआ। मेवाड़ विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. पी रमैया ने साप्ताहिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की सफलता के पीछे कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की भी साझा भूमिका होती है। चेयरपर्सन डॉ अशोककुमार गदिया ने कहा कि आयोजन का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को सार्वजनिक करना व विद्यार्थी में आत्मविश्वास की कमी को दूर करना है। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। प्रतिभागी एवं अकादमीय दृष्टिकोण से अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री वेंकट ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्षिकोत्सव में मेवाड़ एड्यूकेशन सोसायटी के चेयरमैन गोविंद गदिया, सचिव आरके गदिया, प्रो वीसी, आर सी तिवारी, आरके पालीवाल, डीके शर्मा सहित कई शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

## आरएनटी में सेमिनार आज

**कपासन.** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर, शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आर.एन.टी. कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन में मंगलवार को नवीन दृष्टि में शिक्षक शिक्षा: मुद्दे एवं चुनौतियां विषय पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य अनिल गेठवाल ने बताया कि सेमिनार में चित्तौड़गढ़ एवं राजसमन्द जिले के प्राचार्य भाग लेंगे। अध्यक्षता मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर के डीन पी. आर. व्यास करेंगे। मुख्य वक्ता एन.सी.टी.ई. मेंबर एवं पूर्व प्राचार्य विद्या भवन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के एम. पी. शर्मा होंगे।

पर विसर्जित करके जल की पूजा अर्चना करते हुए सभी ...
प्रार्थना की गई।

किया जायेगा।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**चित्तौड़गढ़। मेवाड़ विश्वविद्यालय के पुरुस्कार वितरण समारोह का शुभारम्भ करते अतिथि व प्रस्तुती देती छात्रा।**

चित्तौडगढ़। मेवाड़ विश्वविद्यालय में गत सप्ताह से चल रहे विशेष कार्यक्रम यूनि फेस्ट का समापन सोमवार को वार्षिकोत्सव का शुभारंभ कुलगीत एवं विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। वीसी प्रो. पी रमैया ने साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का धन्यवाद देते हुए अखिल मेवाड़ परिवार को बधाई दी। चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को बधाई देते कहा कि कार्यक्रमों की श्रृंखला में विश्वविद्यालय से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि निचले तबके एवं पिछड़ो को उत्तम शिक्षा एवं मुख्यधारा में सम्मिलित करने के उद्देश्य से ओत-प्रोत मेवाड़ एजुकेशन सोसायटी सर्वदा इसी विचारधारा से समाज सेवा करती रहेगी। यह विश्वविद्यालय बेस्ट रिसर्च, बेस्ट ट्रेनिंग एवं बेस्ट प्लेसमेंट के लक्ष्य के साथ कार्यरत है एवं ये गर्व का विषय है कि मेवाड़ विश्वविद्यालय के परिसर में देश के 29 राज्यों के विद्यार्थी समाहित हो शिक्षा एवं सामाजिक ज्ञान प्राप्त कर रहे है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रही। कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रतिभागी एवं अकादमीय दृष्टिकोण से अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरुस्कार वितरित किये गए। अंत में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार वेंकट ने सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम के औपचारिक समापन की घोषणा की। इस अवसर पर मेवाड़ एज्युकेशन सोसायटी के चेयरमेन गोविंद गदिया, सचिव आरके गदिया, आरसी तिवारी, डीन आरके पालीवाल, डीके शर्मा, ओएसडी एच्च विधानी, प्राध्यापक सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

राजस्थान पत्रिका

19-03-2018

# शिविर में 400 पंजीयन, 98 के होंगे ऑपरेशन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**निम्बाहेड़ा.** मेवाड़ विश्व विद्यालय गंगरार के सौजन्य एवं गोमाबाई नेत्रालय नीमच के सहयोग से रविवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण व ऑपरेशन शिविर के साथ ही विश्नोई डेंटल केयर निम्बाहेड़ा की ओर से निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर स्व. भंवरलाल व नंदलाल गदिया की स्मृति में आयोजित किया गया। शुभारंभ सेवा संस्थान के सचिव व पूर्व विधायक अशोक नवलखाए उपाध्यक्ष मोहम्मद सईद खान, शिविर आयोजक एवं मेवाड़ विश्व विद्यालय के चेयरमैन गोविंदलाल गदिया, राधाकृष्ण गदिया, डॉ. अशोककुमार गदिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। नेत्र शिविर में 400 रोगियों के पंजीयन किए गए। जिनकी जांच मुकेश जैन के नेतृत्व में टीम ने की। 98 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। 20 व 21 मार्च को दो चरणों में ऑपरेशन के लिएगोमाबाई नेत्रालय ले जाया जाएगा। 100 रोगियों को उच्च उपचार के लिए रैफर किया गया। 80 रोगियों का चश्मों के लिए चयन किया गया। मेवाड़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की आंखों की भी जांच की गई। दंत चिकित्सा शिविर में 380 रोगियों का पंजीयन किया गया। इनकी जांच डॉ. आरआर विश्नोई ने की। आयोजक गदिया परिवार को शिविर आयोजन के लिए श्री सेवा संस्थान ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



गंगरार में रविवार को मेवाड़ विश्वविद्यालय में नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर में जांच करते चिकित्सक।

## शिविर में 7780 रोगी लाभान्वित

**गंगरार.** मेवाड़ विश्वविद्यालय में रविवार को नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र चिकित्सा के लिए 401 रोगियों की निःशुल्क जांच की गई। जांच के दौरान 98 रोगियों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इन रोगियों का ऑपरेशन आगामी 20 व 21 मार्च को गोमाबाई नेत्रालय नीमच में किया जाएगा। गोमाबाई नेत्रालय तक के निःशुल्क आवागमन के लिए चयनित रोगियों को तय दिनांक को मेवाड़ विश्वविद्यालय में उपस्थित होना होगा साथ ही दंत चिकित्सा के अंतर्गत 38 0 रोगियों के दांतों की जांच के साथ दवाइयां दी गई।

## शिविर में 105 मरीजों की जांच

प्रातः काल

19-03-18



चित्तौड़गढ़। नैत्र रोगी की जांच करते चिकित्सक। फोटो : पीयूष

# नैत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर में 780 रोगी लाभान्वित

चित्तौडगढ़। मेवाड़ विश्वविद्यालय में रविवार को वृहद स्तर पर नैत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें 401 नैत्र रोगियों की नजर में कालापानी, मोतियाबिंद, नासूर, आंख के पर्दे की बीमारी सहित नैत्र सम्बंधित विभिन्न रोगों की नि:शुल्क जाँच एवं चिकित्सा करने के साथ ही 98 रोगियों लेंस प्रत्यारोपण के लिये चयनित किया मया। जिनके ऑपरेशन 20 व 21 मार्च को गोमाबाई नेत्रालय नीमच में किया जायेंगे, जिसके लिये नि:शुल्क आवागमन की सुविधा दी जायेगी। साथ ही दंत चिकित्सा के तहत 380 रोगियों के दांतों की जांच के साथ दवाईयां दी गई। नैत्र एवं दन्त चिकित्सा शिविर श्री सेवा संस्थान निंबाहेड़ा द्वारा समाजसेवी एवं मेवाड़ एज्युकेशन सोसायटी संरक्षक स्व. भंवरलाल गदिया एवं स्व नंदलाल गदिया की पुण्य स्मृति में जिला अंधता निवारण समिति तथा दन्त चिकित्सा विश्नोई डेंटल केयर निंबाहेड़ा द्वारा आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय में गत 12 मार्च से चल रहे विशेष साप्ताहिक आयोजन यूनि फेस्ट का समापन आज वार्षिकोत्सव के रूप में होगा। शिविर में गोविंद लाल गदिया, राधा कृष्ण गदिया, अशोक नवलखा, रजिस्ट्रार श्री वेंकट, डीन आरके पालीवाल, डीके शर्मा, मो. सईद खान सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

दैनिक नवज्योति

19-03-18

# शिविर में 400 पंजीयन, 98 के होंगे आपरेशन

## 380 रोगियों के दांतों की जांच

**निम्बाहेड़ा।** श्री सेवा संस्थान के मोतियाबिंद मुक्त पायलेट प्रोजेक्ट के तहत रविवार को मेवाड़ विश्व विद्यालय गंगरार के सौजन्य एवं गोमाबाई नेत्रालय नीमच के सहयोग से निशुल्क नेत्र परीक्षण व ऑपरेशन शिविर शुरू हुआ। साथ ही विश्नोई डेंटल केयर निंबाहेड़ा द्वारा निः शुल्क दंत चिकित्सा शिविर चित्तौड़गढ के समाजसेवी भंवरलाल व नंदलाल गदिया की स्मृति में आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारंभ सेवा संस्थान के सचिव व पूर्व विधायक अशोक नवलखा, उपाध्यक्ष मोहम्मद सईद खान, शिविर आयोजक एवं मेवाड़ विश्व विद्यालय के चेयरमेन गोविंदलाल गदिया, राधाकृष्ण गदिया, डॉ. अशोककुमार गदिया ने किया। नेत्र शिविर में 400 रोगियों के पंजीयन किए गए, जिनकी जांच मुकेश जैन के नेतृत्व में चिकित्सकिय टीम द्वारा की जाकर 98 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिन्हें 20 व 21 मार्च को दो चरणों में ऑपरेशन के लिए गोमाबाई नेत्रालय ले जाया जाएगा। साथ ही 100 रोगियों को उच्च उपचार के लिए रेफर किया गया, जिनका भी उपचार निर्धारित तिथि पर गोमाबाई नेत्रालय में निः शुल्क किया जाएगा। जांच पश्चात 80 रोगियों का चश्मों के लिए चयन किया गया। मेवाड़ विश्व विद्यालय के विद्यार्थियों की आंखो की भी जांच कर दवाईयां प्रदान की गई।



**निम्बाहेड़ा।** शिविर आयोजित करने पर संस्थान को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित करते हुए।

दंत चिकित्सा शिविर में 380 रोगियों का पंजीयन किया गया, जिनकी जांच डॉ. आरआर विंश्नोई द्वारा की जाकर परामर्श के साथ निशुल्क दवाईयां प्रदान की गई। आयोजक गदिया परिवार को शिविर आयोजन के लिए श्री सेवा संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान मेवाड़ विश्व विद्यालय के रजिस्टार के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने सहयोग प्रदान किया।

दैनिक भास्कर
19-03-18

# चिकित्सा शिविर में 780 रोगी लाभान्वित

गंगरार | मेवाड़ विश्वविद्यालय में रविवार को नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। नेत्र चिकित्सा के लिए 401 रोगियों की नेत्र संबंधित विभिन्न रोगों की निशुल्क जांच एवं चिकित्सा की गई। इस दौरान 98 रोगियों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इन चयनित रोगियों का ऑपरेशन आगामी 20 व 21 मार्च को गोमाबाई नेत्रालय नीमच में किया जाएगा। दंत चिकित्सा के अंतर्गत 380 रोगियों के दांतों की जांच के साथ दवाइयां दी गई। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में गत 12 मार्च से चल रहे विशेष साप्ताहिक आयोजन 'यूनि फेस्ट' का समापन 19 मार्च को वार्षिकोत्सव के रूप में होगा। इस दौरान खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर के दौरान मेवाड़ एजूकेशन सोसायटी के चेयरमैन गोविंदलाल गदिया, सचिव राधाकृष्ण गदिया, निंबाहेड़ा व छोटीसादड़ी विधानसभा के पूर्व विधायक अशोक नवलखा, रजिस्ट्रार श्रीवेंकट, डीन आरके पालीवाल, डीके शर्मा, युवा समाजसेवी मोहम्मद सईद खान समेत कई गणमान्यं मौजूद थे।